बिगड़ी मेरी बना दे,
दुखड़े मेरे मिटा दे,
सुनले ये विनती मेरी,
प्रभु लाज रखना मेरी,
सुनले तू विनती मेरी,
प्रभु लाज रखना मेरी।।

तर्ज दिल में तुझे बिठा के।

तेरे नाम लिखा ये जीवन,
हमने तो प्रभु सारा,
कुछ भी नही है मेरा अपना,
जो कुछ है वो तुम्हारा,
सेवा करूँ में तेरी,
पूजा करू में तेरी,
सुनले ये विनती मेरी,
प्रभु लाज रखना मेरी।।

रो रो के तेरी याद में,
मोहन जीवन मैने बिताया,
तब जाकर कही मैने सांवरिया,
मुश्किल से तुझे पाया,
टूटे ना साथ अपना,
पूरा हो मेरा सपना,
सुनले ये विनती मेरी,

प्रभु लाज रखना मेरी।।

इस जीवन के भव सागर से,
पार लगा मेरी नैया,
कैसे सम्भालूंगा तुफा को,
बन जा तू मेरा खिवईया,
अपना बना ले कान्हा,
दिल में बसाले कान्हा,
सुनले ये विनती मेरी,
प्रभु लाज रखना मेरी।।

खाली हाथ ना जाऊंगा मैं,
सुनले ओ श्याम बिहारी,
डाल दे मेरी झोली में भी,
भीख दया की स्वामी,
चरणों में तेरे बीते,
जीवन अमन का सारा,
सुनले ये विनती मेरी,
प्रभु लाज रखना मेरी।।

बिगड़ी मेरी बना दे,
दुखड़े मेरे मिटा दे,
सुनले ये विनती मेरी,
प्रभु लाज रखना मेरी,
सुनले तू विनती मेरी,
प्रभु लाज रखना मेरी।।

Singer : Mukesh Bagda

Source:
https://www.bharattemples.com/bigdi-meri-bana-de-dukhde-mere-mita-de/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw